हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 17 सितंबर, 2025

तापमान
अधिकतम 36.5 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

13 एमडीयू में आज से शुरू होगी तैराकी प्रतियोगिता



14 राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में रोहतक की बेटियों का जलवा



## खबर संक्षेप

### प्रो. संदीप डिजिटल लर्निंग सेंटर के निदेशक नियुक्त



प्रो. संदीप दलाल

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन विभाग के प्राध्यापक प्रो. (डॉ.) संदीप दलाल को डिजिटल लर्निंग सेंटर का निदेशक नियुक्त किया है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि प्रो. संदीप दलाल को यह दायित्व अतिरिक्त कार्यभार के रूप में सौंपा गया है। यह नियुक्ति तुरंत प्रभाव से की गई है। निदेशक नियुक्त किए जाने पर प्रो. संदीप दलाल ने कुलपति प्रो. राजबीर सिंह और विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार जताया।

### पूर्व पार्षद ने लगाए नपा में भ्रष्टाचार के आरोप

**सांपला।** वार्ड नंबर 2 के पूर्व पार्षद शिवकुमार रंगीला ने सांपला नगर पालिका पर विकास कार्यों में भ्रष्टाचार करने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जिस भी कार्य में जांच हो उसी में भ्रष्टाचार उजागर हो रहा है। उन्होंने मंगलवार को प्रेसवार्ता में आरोप लगाए कि सफाई व्यवस्था, बिजली व्यवस्था ,नालों का निर्माण या अन्य बिल्डिंगों के निर्माण में भ्रष्टाचार हुआ है। इस संबंध में प्रशासन से शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही।

### प्रतियोगिता में रितिक व सबीना विजेता रही

**सांपला।** शहीद राय सिंह महाविद्यालय में मंगलवार को भूगोल विभाग की तरफ से ओजोन परत पर एक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें स्लोगन में रितिक प्रथम पोस्टर मेकिंग में सबीना विजेता रही। विजेताओं को प्राचार्य डॉक्टर प्रेमभूषण आर्य ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी काफी संदेश दिया।

### आज कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे केंदीय मंत्री और मुख्यमंत्री

# नड्डा और सैनी के स्वागत के लिए रोहतक तैयार
# सुरक्षा चाक चौबंद, चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को रोहतक आएंगे। वे कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगेख, उनके स्वागत के लिए शहर तैयार है। दौरे को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। तैयारियां पूरी कर ली गई है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात है। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। इसके अलावा नाकाबंदी और रूट डायवर्ट किए गए हैं। डीसी सचिन गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी आयोजन स्थलों का जायजा लेकर दिशा निर्देश जारी किए हैं। आयोजन के दौरान शहर में कई ऐसी कई जगह रहेंगी जहां आमजन के लिए आवागमन नहीं होगा।

नायब सिंह सैनी 17 सितंबर को सुबह 6:30 बजे सुभाष चौक से स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा मानसरोवर पार्क में पौधारोपण किया जाएगा तथा इसके उपरांत सुभाष चौक से नशा मुक्त हरियाणा की यूथ मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सुबह 9:30 बजे स्थानीय हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टर 2 स्थित नगर निगम की भूमि पर विकसित किए जा रहे नमो मियावाकी वन में पौधारोपण करेंगे। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय स्थित टैगोर सभागार में स्वास्थ्य प्रदर्शनी, स्वास्थ्य जांच, रक्तदान शिविर तथा पोषण अभियान के तहत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोपहर 12 बजे इस कार्यक्रम में लाइव जुड़ेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नई अनाज मंडी परिसर में भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती के राज्य स्तरीय समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।



रोहतक। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर निरीक्षण करते अधिकारी।



रोहतक। मैराथन के लिए सुभष चौक पर तैयार किया गया मंच।

### उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थलों का किया दौरा

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया तथा प्रशासन के अन्य उच्चाधिकारियों के साथ सभी कार्यक्रम स्थलों का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। उपायुक्त ने सर्वप्रथम स्थानीय सुभाष चौक, मानसरोवर पार्क में कार्यक्रम स्थलों पर तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सचिन गुप्ता ने अधिकारियों की टीम के साथ मदवि स्थित टैगोर सभागार तथा सभागार परिसर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी तैयारियां पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पुलिस अधीक्षक के साथ कार्यक्रम स्थलों पर सुरक्षा, पार्किंग आदि की भी समीक्षा की। इसके उपरांत उन्होंने स्थानीय नई अनाज मंडी परिसर में राज्य स्तरीय समारोह एवं प्रदर्शनी की तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

### एरियल फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी पर प्रतिबंध

जिलाधीश सचिन गुप्ता ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 17 सितंबर को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कार्यक्रमों के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थलों पर यूएवी जैसे ड्रोन, ग्लाइडर, रिमोट नियंत्रित एयरक्राफ्ट, फ्लाईंग कैमरा, हेलीकैम आदि उड़ाने पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए हैं। जारी आदेश के तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा इन आदेशों की पालना सुनिश्चित करवाई जाएगी। आदेशों की उल्लंघना का दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कानून के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### प्रदर्शनी बनेगी मुख्य आकर्षण

आयोजन स्थल पर एक भव्य प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें प्रदेशभर के कारीगर और उद्यमी अपनी कला, शिल्प और उत्पादों को प्रदर्शित करेंगे। इसमें लकड़ी का काम, लोहा-धातु शिल्प, वस्त्र निर्माण, मिट्टी के बर्तन, आधुनिक मशीनरी और तकनीक से बने नए उत्पाद भी शामिल होंगे। सरकार का मानना है कि ऐसी प्रदर्शनी से कारीगरों को बाजार से सीधा जुड़ने का मौका मिलेगा और उनके काम को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

## 22 जिलों से आएंगी 162 से अधिक बसें

**रोहतक।** हरियाणा में इस बार श्री विश्वकर्मा जयंती ऐतिहासिक स्तर पर मनाई जा रही है। शहर की नई अनाज मंडी में होने वाले इस समारोह में प्रदेशभर के लगभग 5000 से 5500 कारीगर और शिल्पकार शामिल होंगे। यह आयोजन सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग की ओर से किया जा रहा है और इसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इसी के चलते यात्रियों को रूटों पर आज बसें नहीं मिल पाएंगी। उन्हें अपने निजी वाहनों से ही सफर करना पड़ेगा। डिपों की तरफ से शुरुआत में 123 बसों की मांग की गई थी, लेकिन बाद में संख्या बढ़ाकर 162 से भी अधिक कर दी गई। इन बसों को खास तौर पर इस आयोजन के लिए रिजर्व किया गया है, ताकि कारीगर समय पर रोहतक पहुंच सकें।

### जिला-वार ऐसे किया बसों का बंटवारा

अंबाला से 7, भिवानी से 5, चरखी दादरी से 5, फरीदाबाद से 3, फतेहाबाद से 10, गुरुग्राम से 5, हिसार से 11, झज्जर से 5, जींद से 5, कैथल से 5, करनाल से 5, कुरुक्षेत्र से 5, महेंद्रगढ़ से 5, नूंह से 5, पलवल से 5, पंचकूला से 6, पानीपत से 5, रेवाड़ी से 3, रोहतक से 9, सिरसा से 5, सोनीपत से 5 और यमुनानगर से 4 बसें शामिल हैं। इस तरह हर जिले से प्रतिभागियों को लेकर बसें सीधे रोहतक आएंगी।

### रूट डायवर्ट : यहां से होकर गुजरें

- सोनीपत स्टैंड से दिल्ली बाईपास की तरफ जाने वाले वाहन चालक शीला बाईपास से होकर दिल्ली बाईपास चौक पहुंचेंगे।
- दिल्ली बाईपास से सोनीपत स्टैंड-अम्बेडकर चौक की ओर आने वाले वाहन चालक भी शीला बाईपास का उपयोग करेंगे।
- दिल्ली बाईपास से पीजीआईएमएस की तरफ जाने वाले वाहन चालक एमडीयू गेट नंबर-1 से होकर जाएंगे।
- पीजीआई से दिल्ली बाईपास की ओर जाने वाले वाहन चालक एमडीयू गेट नंबर-2 से निकलेंगे।
- अशोका चौक से दिल्ली बाईपास जाने वाले वाहन चालक झज्जर चुंगी-रुपया चौक मार्ग का प्रयोग करेंगे। अशोका चौक से जाने वाले वाहन चालक डीएलएफ कॉलोनी अथवा झज्जर रोड-शांतमई चौक मार्ग का उपयोग करेंगे।

## खिड़वाली में दीपक मर्डर केस 5वां आरोपी गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव खिड़वाली में हुई नजफगढ़ निवासी दीपक की मौत के मामले में पांचवें आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में किया गया है। 9 सितंबर को दीपक व विकास पर रुपये के लेन देने को लेकर खिड़वाली में आरोपियों द्वारा लाठी-डंडों से हमला किया गया था। 10 सितंबर को लगी चोटों के कारण दीपक की मौत हो गई। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। सदर थाना प्रभारी सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि गांव रोहट निवासी विकास की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि विकास की बुआ ने अपने आए हिस्से में जमीन बेची थी, जिसके रुपयों के मामले को सुलझाने के लिए बुआ के बेटे अंकुश ने फोन किया था।

### नजफगढ़ से गांव आया था, झगड़ा हुआ

9 सितंबर को विकास व विकास का दोस्त दीपक निवासी किलोई हाल नजफगढ़, दिल्ली उसकी बुआ के घर खिड़वाली रुपये लेने के लिये चले गए। विकास की बुआ के घर में बुआ, बुआ के पति जोगिन्द्र, अंकुश, अंकुश की पत्नी व 8-9 अन्य युवक मौजूद थे। जिन्होने विकास व दीपक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। 10 सितंबर को लगी चोटों के कारण दीपक की मौत हो गई। जांच के दौरान 15 सितंबर को आरोपी रविन्द्र निवासी जसिया को गिरफ्तार किया गया है। चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

## युवक को हथियार सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश करके 2 दिन के रिमांड पर लिया गया है। सदर थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस चौकी घिलौड की टीम गांव जसिया के पास गश्त में मौजूद थी। इस दौरान युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान समुंद्र निवासी दिल्ली के रुप में हुई। युवक के पास से एक देसी पिस्तौल व 10 रौंद बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

## सर्जरी के डॉ. मदन गोपाल वशिष्ठ बने पीजीआई डीन एकेडमिक अफेयर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय ने सर्जरी विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. मदन गोपाल वशिष्ठ को डीन एकेडमिक अफेयर्स नियुक्त किया है। यह जिम्मेदारी उन्हें 16 सितंबर 2025 से प्रदान की गई। इससे पहले वे विश्वविद्यालय में डीन छात्र कल्याण के पद पर कार्यरत थे। उनकी नियुक्ति कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल द्वारा की गई।



डॉ. मदन गोपाल वशिष्ठ

डॉ. वशिष्ठ एक प्रतिष्ठित सर्जन और शिक्षाविद हैं। उनका 33 वर्षों का पोस्ट-पीजी शिक्षण अनुभव है। उन्होंने अब तक 35 वर्षों तक स्नातक और 28 वर्षों तक स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को शिक्षा दी है। उनके मार्गदर्शन में 32 से अधिक पीजी विद्यार्थियों ने शोध कार्य पूरा किया है। 1991 में एमएस जनरल सर्जरी की उपाधि प्राप्त की। वह एसोसिएशन ऑफ इंडियन सर्जन्स और इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ सर्जन्स के फेलो हैं। साथ ही एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया, थोरैसिक एवं वैस्कुलर सर्जन्स ऑफ इंडिया, मिनिमल एक्सेस सर्जरी सोसाइटी और एंडोस्कोपिक एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन्स सोसाइटी जैसी संस्थाओं के आजीवन सदस्य भी हैं।

WE CARE MULTISPECIALITY HOSPITAL | VENKATESHWAR HOSPITAL

वेंकटेश्वर हॉस्पिटल, नई दिल्ली
एवं
वी केयर मल्टी-स्पेशियलिटी, हॉस्पिटल, रोहतक, हरियाणा
के सौजन्य से
सुपर स्पेशलिटी ओ.पी.डी.

मेडिकल ऑन्कोलॉजी (कैंसर) — 19 सितम्बर, 2025, 3 एवं 17 अक्टूबर, 2025, हर महीने के पहले एवं तीसरे शुक्रवार को
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी (कैंसर) — 22 सितम्बर, 2025, 13 एवं 27 अक्टूबर, 2025, हर महीने के दूसरे एवं चौथे सोमवार को
किडनी रोग एवं किडनी ट्रांसप्लांट — 26 सितम्बर, 2025, 10 एवं 24 अक्टूबर, 2025, हर महीने के दूसरे एवं चौथे शुक्रवार को
न्यूरोसर्जरी — 9 अक्टूबर, 2025, हर महीने के दूसरे गुरुवार को

सुबह 10:30 बजे से दोपहर के 01:30 बजे तक
वी केयर मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, सोनीपत रोड, विकास नगर, रोहतक, हरियाणा -124001
वेंकटेश्वर हॉस्पिटल सभी TPAs | Insurance | CGHS | ECHS | CAPF के पैनल पर हैं
7290072988, 7404347360/61 | Sector 18A, Dwarka www.venkateshwarhospitals.com

### 18 और 19 को श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड द्वारा श्रमिक जागरूकता एवं सेवा पखवाड़ा के उपलक्ष में 18 व 19 सितंबर को स्थानीय राजीव गांधी खेल परिसर में मंडल स्तरीय श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाएगा। इस खेलकूद प्रतियोगिता में दौड़, कुश्ती, हाई जंप, लोंग जंप, रस्साकस्सी, कबड्डी, वॉलीबॉल आदि प्रतियोगिताएं आयोजित होगी। प्रतियोगिता में रोहतक, झज्जर व सोनीपत स्थित कंपनियों में कार्यरत कर्मचारी हिस्सा लेंगे।

### बीएमयू का दीक्षांत समारोह स्थगित

**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक में 18 सितंबर को होने वाला दीक्षांत समारोह रद्द कर दिया। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता राममेहर शर्मा ने बताया कि प्रशासनिक कारणों से यह कार्यक्रम रद्द करना पड़ा है। नई तिथि और आगे की जानकारी जल्द ही दी जाएगी। इससे पहले विश्वविद्यालय ने घोषणा की थी कि समारोह में स्नातक, स्नातकोत्तर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने वाले शोधार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

## हर वार्ड में स्वच्छता अभियान चलेगा, पार्षदों ने संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से आयोजित सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत हर वार्ड में स्वच्छता मेगा अभियान चलाया जाएगा। अभियान की तैयारी को लेकर पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर व नगर निगम के आयुक्त डॉक्टर आनंद शर्मा के साथ निगम के पार्षदों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में वार्ड अनुसार विस्तृत चर्चा की गई और निर्णय लिया गया कि सुबह हर वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में शहर की प्रमुख सामाजिक संस्थाएं भी अपने सैकड़ों स्वयंसेवकों के साथ सहयोग करेंगी। सिंचाई विश्राम गृह में पार्षदों के साथ बैठक करते हुए पूर्व मंत्री ग्रोवर और निगम आयुक्त डॉक्टर शर्मा ने कहा कि रोहतक को स्वच्छता में देश का नंबर वन शहर बनाना है। उन्होंने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रोहतक के सुभाष चौक से स्वच्छता अभियान की शुरुआत करेंगे और उसके बाद मानसरोवर पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम रहेगा। अभियान में लोगों को जागरुक भी करना है।



रोहतक। मीटिंग में मौजूद पार्षदो और पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर।

बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी
अस्थल बोहर, रोहतक-124021 (हरियाणा)
Established under Haryana Private Universities Act, 2006
Recognized by the UGC under 2(f) and Member, Association of Indian Universities (AIU)
9053066601 | www.bmu.ac.in
महंत बालकनाथ योगी Chancellor, BMU
Zero Admission Fee* BMU SCHOLARSHIP PROGRAMS
or Free Laptop*
Eligibility Criteria: Marks 85% Above — Scholarship Upto 50%
Scholarship: Sibling, Single Girl Child, Physical Handicapped — Discount Upto 25% OFF
Admissions Open 2025-26
Programmes Offered by the University for Session 2025-26

| Programme | Fee Per Sem. |
|---|---|
| FACULTY OF AYURVEDA | |
| BAMS | 2,25,000/- |
| FACULTY OF NURSING | |
| ANM/GNM | -------- |
| B.Sc. Nursing | 1,05,000/- |
| Post Basic B.Sc. Nursing | 50,000/- |
| FACULTY OF PHARMACEUTICAL SCIENCES | |
| D.Pharmacy | 37,500/- |
| B.Pharmacy | 45,000/- |
| M.Pharmacy | 50,000/- |
| FACULTY OF PHYSIOTHERAPY | |
| BPT/ MPT | 45,000/- |
| B.Sc. MLT | 31,000/- |
| Bachelor of Optometry | 31,000/- |
| FACULTY OF SCIENCES | |
| B.Sc. (Physical Sciences) (Physics, Chemistry, Mathematics) | 11,000/- |
| M.Sc. (Physics, Chemistry, Mathematics) | 21,000/- |
| B.Sc. (Life Sciences) (Botany, Zoology, Chemistry) | 11,000/- |
| M.Sc. (Botany, Zoology) | 21,000/- |
| B.Sc. (Bio-Technology) | 11,000/- |
| M.Sc. (Bio-Technology) | 21,000/- |
| B.Sc. (Hons.) Agriculture | 31,000/- |

| Programme | Fee Per Sem. |
|---|---|
| FACULTY OF LEGAL STUDIES | |
| B.A.L.L.B • LL.B • LL.M | 27,500/- |
| FACULTY OF MANAGEMENT AND COMMERCE | |
| BBA | 15,000/- |
| BCA | 17,500/- |
| MBA • MCA | 26,000/- |
| B.Com. • M.Com. | 11,000/- |
| FACULTY OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY | |
| B.Tech. (CSE, ME, CE) | 30,000/- |
| M.Tech. (CSE, CE) | 30,000/- |
| FACULTY OF HUMANITIES AND LIBERAL EDUCATION | |
| B.A., B.A. (Hons.) English, B.A. Journ. & Mass Comm., B.Lib. & Info. Sci, M.Lib. & Info. Sciences, M.A. (English, Hindi, Journalism & Mass Comm., History, Economics, Sociology, Geography, Political Science) | 11,000/- |
| M.A. Sanskrit • Shastri (UG) | 2,500/- |

Ph.D. (All Streams) As Per UGC Norms.
B.Ed. ₹ 22,000/- (Fee Per Sem.) *Affiliated with MDU,Rohtak
New Programmes
VLDD (Diploma in Veterinary) | B.Sc. Nursing | B.Sc. (Hon.) (Agriculture)
Application Fee - 1000 || Admission Fee UG-7500, PG-12500 || Exam Fee- UG-2500, PG-3000 || Hostel Fee 70000 Per Year
*Terms & Conditions Apply



# द वाइब्स ग्लैमरस महिलाओं की अनकही सच्चाई को लाएगी सामने

**मुंबई।** फैशन, चांदनी बार, हीरोइन और पेज 3 जैसी फिल्मों से फिल्म इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बना चुके मधुर भंडारकर अपने दमदार निर्देशन के लिए पहचाने जाते हैं। उनकी फिल्में लोगों के मनोरंजन के साथ ही सामाजिक मैसेज का भी काम करती हैं। अपनी नई फिल्म द वाइव्स को लेकर मधुर भंडारकर ने एक खास पोस्ट शेयर किया है। 'द वाइब्स' में मधुर बॉलीवुड सेलेब्स की पत्नियों की कहानी को दिखाएंगे। उनकी फिल्म 'द वाइव्स' बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस महिलाओं के पीछे छिपी अनकही सच्चाई को लोगों के सामने लाएगी। मधुर ने अपनी कुछ शानदार तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, 'फिल्म 'द वाइव्स' मेरा 16वां प्रोजेक्ट है।

## लाइफ Style



# अनीत
## फातिमा संग न्याय में आएंगी नजर

हाल ही में सिनेमाघरों में बवंडर मचा चुकी लव स्टोरी फिल्म 'सैयारा' की एक्ट्रेस अनीत पड्डा अब फातिमा सना शेख के साथ नजर आनेवाली हैं। इस फिल्म में लीड रोल में ब्रिटिश ड्रामा सीरीज 'इंडियन समर्स' एक्टर अर्जुन माथुर भी हैं। ये एक कोर्टरूम ड्रामा है जिसका टाइटल 'न्याय' रखा गया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नित्या मेहरा द्वारा निर्देशित यह फिल्म अन्याय से लड़ने वाले एक युवा सर्वाइवर की कहानी है। अहान पांडे के साथ अनीत पड्डा को अपनी हिट रोमांटिक ड्रामा 'सैयारा' के लिए खूब तारीफें मिली हैं। इस वक्त ये फिल्म ओटीटी (नेटफ्लिक्स) पर आ चुकी है और घर बैठे लोग इस फिल्म का लुत्फ उठा रहे हैं। ओटीटी पर फिल्म के अच्छा परफॉर्म करने के बाद, एक्ट्रेस ने एक नई फिल्म 'न्याय' साइन की है।

खबरों के मुताबिक, वो इस फिल्म में न्याय के लिए लड़ रहीं एक युवा पीड़िता का किरदार निभाएंगी। इसम फिल्म में फातिमा सना शेख और अर्जुन माथुर लीड रोल में हैं। अनीत ने एक कोर्टरूम ड्रामा साइन किया है जो महिलाओं के साथ अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ेगी। इस फिल्म में वो एक ऐसी पीड़िता की भूमिका निभाएंगी जो अपने साथ दुर्व्यवहार करने वाले एक आध्यात्मिक गुरु के खिलाफ बहादुरी से खड़ी होती है। इस फिल्म की कहानी उनके किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है और यही पूरी कहानी में भावनात्मक गहराई लाता है। इस फिल्म का निर्देशन 'बार-बार देखो' और 'मेड इन हेवन' जैसी फिल्मों से प्रसिद्धि पा चुकीं नित्या मेहरा करेंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# लास्ट ट्रेन टू... से मिली पहचान

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर गीतकार बॉबी हार्ट का निधन हो गया है। गीतकार प्रसिद्ध बॉयस और हार्ट गीतकार जोड़ी का एक हिस्सा थे। उन्हें'द मोंकीज के लिए कुछ बेहद हिट गानें, जैसे आई वाना बी फ्री और लास्ट ट्रेन टू क्लार्क्सविले के लिए जाना जाता था। बॉबी हार्ट गीत लेखन के दिग्गज, जो मोंकीज के कई गानों के लिए जिम्मेदार जोड़ी का हिस्सा थे, उनका निधन हो गया है। अपने साथी टॉमी बॉयस के साथ, बॉबी ने आई वन्ना बी फ्री, लास्ट ट्रेन टू क्लार्क्सविले जैसे प्रतिष्ठित मोंकीज थीम और कई अन्य ट्रैक लिखे।




## बचपन से ही संगीत में रही गहरी दिलचस्पी, 7 की उम्र में अभिनय

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सिंगर, सॉन्गराइटर और एक्टर निक जोनस का सफर किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। बचपन से ही संगीत में उनकी गहरी दिलचस्पी रही। महज छह साल की उम्र में उन्होंने गाना गाकर सबको हैरान कर दिया था और तभी से तय हो गया कि वो अपना कॅरियर म्यूजिक इंडस्ट्री में ही बनाएंगे। निक न सिर्फ अपनी गायकी और म्यूजिकल बैंड के लिए मशहूर हैं, बल्कि बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा के पति होने की वजह से भारत में भी उनका जबरदस्त क्रेज है। सिर्फ सात साल की उम्र में निक ने थिएटर शो ए क्रिसमस कैरोल में अभिनय किया। इसके साथ ही उन्होंने जॉय टू द वर्ल्ड नाम का गाना लिखा जिसे बाद में रिकॉर्ड लेबल ने रिलीज किया। इतनी कम उम्र में मिले इस मौके ने उनके आत्मविश्वास को और मजबूत किया। साल 2005 में निक ने अपने भाइयों जो और केविन के साथ मिलकर जोनस ब्रदर्स नाम का बैंड बनाया।



# पसंद आया गूगल जेमिनी का ट्रेंड

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर ट्रेंड लगातार बदलते रहते हैं। इन दिनों सोशल मीडिया पर गूगल जेमिनी के जरिए फोटोज को एडिट करने का ट्रेंड चल रहा है। इसमें अलग-अलग तरह से लोग अपनी फोटोज को एडिट कर रहे हैं। इन्हीं में एक है गूगल जेमिनी का 'हग माई यंगर सेल्फ' ट्रेंड। अब सेलेब्स भी इस ट्रेंड में रुचि ले रहे हैं और अपनी तस्वीरें एडिट कर रहे हैं। इसी क्रम में अब अभिनेत्री आलिया भट्ट को भी ये ट्रेंड पसंद आया है और उन्होंने अपनी बचपन की एक तस्वीर को गले लगाए हुए अपनी आजकल की एक तस्वीर शेयर की है। आलिया भट्ट के एक फैन पेज ने एक्ट्रेस के आजकल के रूप को उनके बचपन की फोटो को गले लगाते हुए एक प्यारा सा एडिट किया। तस्वीर पर कैप्शन लिखा था, 'मैं नहीं कर सकती, आज छोटा वाला कितना गर्व महसूस कर रहा होगा।'




# जॉली एलएलबी-3 पर चली सेंसर की कैंची

**मुंबई।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। दर्शकों में इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह है, क्योंकि लंबे समय बाद दोनों जॉली एक साथ कोर्टरूम ड्रामा में भिड़ने वाले हैं। लेकिन, रिलीज से पहले इस फिल्म पर सेंसर बोर्ड की कैंची चल चुकी है। बोर्ड ने फिल्म को यू/ए सर्टिफिकेट तो दे दिया है, लेकिन आठ अहम बदलाव भी करवाए हैं। दरअसल, 2 सितंबर को फिल्म को सर्टिफिकेट जारी हुआ। करीब 2 घंटे 37 मिनट और 16 सेकंड की इस फिल्म में बोर्ड ने ऐसे सीन और शब्द हटवाए, जिन्हें आम दर्शकों के लिए आपत्तिजनक माना जा सकता था। हालांकि, यह सभी बदलाव मामूली हैं और फिल्म की कहानी या प्रभाव पर कोई खास असर नहीं डालेंगे।

## टीवी मसाला



# 25 लाख के सवाल पर गुजरात की कंटेस्टेंट ने किया क्विट...

**नई दिल्ली।** महानायक अमिताभ बच्चन का शो 'कौन बनेगा करोड़पति 17 इन दिनों चर्चा में बना हुआ है। इसमें कंटेस्टेंट हिस्सा लेते हैं। अपने ज्ञान के दम पर लाखों रुपए जीतते हैं। सोमवार के एपिसोड में फास्टेट फिंगर फर्स्ट सवाल का जवाब देखकर सारिका जोशी हॉट सीट पर बैठीं। वह भावनगर, गुजरात की रहने वाली हैं। सारिका जोशी बताती हैं कि उनके पति और बेटी भी शो में साथ आई हैं। केबीसी 17 में सारिका जोशी के पति ने बताया कि उनकी पत्नी पिछले 25 साल से केबीसी का हिस्सा बनने की कोशिश कर रही थीं और अब जाकर उनकी तपस्या पूरी हुई है। सारिका जोशी बिना किसी लाइफलाइन के इस्तेमाल के पहला पड़ाव पार कर लेती हैं और शुरुआती 5 सवालों के जवाब देकर 25 हजार रुपए जीत जाती हैं। सारिका जोशी 3 लाख के सवाल पर कंफ्यूज हो जाती है और फिर वह ऑडियंस पोल लाइफलाइन का इस्तेमाल करती है। इसके बाद वह ऑडियंस के जवाब पर भरोसा करते हुए आगे गेम खेलती है, जो सही उत्तर होता है। 11वें सवाल के लिए सारिका जोशी ने दो लाइफलाइन का इस्तेमाल किया और 7.50 रुपए जीत लिए। 12वें सवाल का भी उन्होंने जवाब दिया। लेकिन, 25 लाख रुपए के 13वें सवाल पर कंफ्यूज हो गईं और उनके पास कोई लाइफलाइन भी नहीं बची थी। 13वां सवाल- किस अमेरिकी राष्टपति की मां लिलियन ने 1960 के दशक में भारत में एक नर्स के रूप में काम किया था? ऑप्शन- ए. जॉन एफ केनेडी, बी. रोनाल्ड रीगन, सी. रिचर्ड निक्सन और डी. जिमी कार्टर।

## 5 कंटेस्टेंट्स पर लटकी बेघर होने की तलवार

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया का सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' हमेशा से ही दर्शकों के लिए ड्रामा, इमोशन और सरप्राइज लेकर आता है।



सलमान खान के होस्टिंग वाले इस शो में हर हफ्ते नॉमिनेशन का दौर दिलचस्प होता है। इस बार भी घर के अंदर ऐसा ही हुआ जब नॉमिनेशन प्रक्रिया में बिग बॉस ने एक ऐसा दांव खेला, जिसने सभी प्रतियोगियों के होश उड़ा दिए। शो का माहौल पूरी तरह बदल गया और अंत में पांच कंटेस्टेंट्स पर बेघर होने की तलवार लटक गई। ये सदस्य हैं - अशनूर कौर, बसीर अली, अभिषेक बजाज, नेहल चुडासमा और प्रणित मोरे। इन पांचों को अब दर्शकों के वोट का इंतजार रहेगा। जैसे ही घरवाले सोच रहे थे कि नॉमिनेशन का दौर सामान्य तरीके से खत्म हो जाएगा, तभी बिग बॉस ने माहौल पलट दिया। उन्होंने घरवालों को अमाल और नीलम की बातचीत का एक ऑडियो सुनाया, जिसमें दोनों नॉमिनेशन पर चर्चा करते पकड़े गए थे। यह नियमों के खिलाफ था।

# ट्रैफिक में फंसी एम्बुलेंस को देख जैकी को आया गुस्सा

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर करते हुए लोगों पर गुस्सा होते दिखाई दिए। इस वीडियो में वे ट्रैफिक में फंसी एंबुलेंस को देख निराशा जाहिर करते दिख रहे हैं। मुंबई की सड़कों में फंसी एक एंबुलेंस को देख जैकी ने वीडियो बनाते हुए बताया कि लोगों को थोड़ा अधिक संवेदनशील होना चाहिए या फिर एंबुलेंस के लिए अलग से रोड बनाया जाना चाहिए। जैकी श्रॉफ ने वीडियो में चिंता जाहिर करते हुए कहा कि अगर ऐसे ही ये एंबुलेंस यहां फंसी रही तो मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देगा। वीडियो में एक्टर कह रहे हैं कि इन लोगों को तब समझ में आता, जब मरीज की जगह वे खुद होते, लेकिन लोगों में इतनी समझ कहां है। जैकी श्रॉफ ने यह वीडियो अपनी कार से बनाते हुए लोगों को इस मुद्दे की गंभीरता के प्रति जागरूक करने की कोशिश की है। जैकी श्रॉफ समय-समय पर अपने बेबाक अंदाज में लोगों को उनकी जिम्मेदारियों को लेकर सजग करते रहते हैं। सोशल मीडिया पर जैकी लोगों को पर्यावरण को बचाने के लिए भी प्रेरित करते रहते हैं। जैकी श्रॉफ सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। उनकी पोस्ट अक्सर वायरल हो जाती हैं। पिछले सप्ताह फिल्म 'अंगार' के 33 साल पूरे होने पर उन्होंने एक पोस्ट की और इसका जश्न मनाया था. इसकी कुछ अनदेखी तस्वीरें भी जैकी ने साझा की थीं। हाल ही में जैकी श्रॉफ वेब सीरीज 'हंटर-2' में दिखाई दिए थे। इस सीरीज में उन्होंने एक खलनायक की भूमिका निभाई थी। प्रिंस धीमान ने इसे डायरेक्ट किया है। इस सीरीज में सुनील शेट्टी, अनुषा दांडेकर और बरखा बिष्ट जैसे कलाकार भी हैं।



# जब हिंदी सिनेमा के सभी कलाकारों ने देव आनंद की फिल्म को किया रिजेक्ट

## दर्शकों ने बनाया ब्लॉकबस्टर, ऑस्कर में भी दी दस्तक

**नई दिल्ली।** कुछ फिल्में सिनेमाघरों में अपनी अलग कहानी और गानों की वजह से मशहूर हो जाती हैं। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि कुछ फिल्मों की कहानियां दर्शकों को तक उस तरीके से नहीं पहुंच पाती है जैसा डायरेक्टर सोचता है। ऐसे में बहुत बार मेकर्स को काफी नुकसान भी उठाना पड़ता है। लेकिन, आज हम आपको बॉलीवुड की एक ऐसी फिल्म के बारे में बताने वालें जिसे हिंदी सिनेमा के लगभग सभी कलाकारों ने रिजेक्ट कर दिया था। लेकिन, जब यह फिल्म रिलीज हुई तो इसने बंपर कमाई की।

### 1966 में हुई थी रिलीज

हम बात कर रहे हैं कि देव आनंद की फिल्म गाइड की। उनकी यह फिल्म साल 1966 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। गाइड देव आनंद की पहली रंगीन फिल्म है। दरअसल, कहा जाता है कि रिलीज से पहले लगभग पूरी फिल्म इंडस्ट्री गाइड के प्रीमियर में मौजूद थी। जब कलाकारों ने इस फिल्म को देखा तो उन्हें यह फिल्म आम विषय से काफी हटकर लगी थी। ऐसे में कोई भी निर्देशक विजय आनंद को उनके काम के लिए बधाई देने नहीं गया, जिसका उन्हें बुरी भी लगा।



### सात फिल्मफेयर पुरस्कार जीते

लेकिन, जब फिल्म गाइड रिलीज हुई थी तो इसने हाउसफुल ओपनिंग की। हालांकि, कुछ सर्किट को छोड़कर, दर्शकों को फिल्म का अंत समझ न आने के कारण इसकी कमाई में भारी गिरावट आई, लेकिन जब दर्शकों को अंत समझ आया, तो धीरे-धीरे कमाई में सुधार हुआ और देव आनंद की इस फिल्म ने बंपर कमाई। इतना ही नहीं, फिल्म गाइड को ऑस्कर के लिए आधिकारिक एंट्री ली थी और इसने सात फिल्मफेयर पुरस्कार भी जीते थे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म गाइड का बजट करीब 60 लाख रुपए था और इस फिल्म ने दुनियाभर में 5 करोड़ रुपए कमाए थे।

## रामसे ब्रदर्स ने पुराना मंदिर, वीराना, बंद दरवाजा और तहखाना जैसी फिल्में बनाईं

# साढ़े तीन लाख में बनी वो कल्ट फिल्म, रिलीज होते ही निकली सुपरहिट

*मुंबई। 1972 में पर्दे पर एक ऐसी फिल्म आई थी जिसने बॉलीवुड को एक नई दिशा दी। युवाओं में नया क्रेज पैदा किया। सबसे दिलचस्प बात यह है कि फिल्म की शूटिंग 12 रुपए किराए के 7 कमरों में की गई थी। फिल्म ने बजट से 15 गुना कमाई करके सबको चौंका दिया था। यह बॉलीवुड की पहली सुपर हिट हॉरर फिल्म साबित हुई। फिल्म को रामसे ब्रदर्स ने प्रोड्यूस किया था जो बॉलीवुड में हॉरर फिल्म बनाने के लिए जाने जाते हैं। 30 दिसंबर 1972 को रिलीज हुई फिल्म 'दो गज जमीन के नीचे' ने कमाई का नया कीर्तिमान बनाया था। यह रामसे ब्रदर्स की डेब्यू फिल्म थी। इस फिल्म के बाद रामसे ब्रदर्स ने पुराना मंदिर, वीराना, बंद दरवाजा और तहखाना जैसी कई सुपरहिट हॉरर फिल्में बनाईं। फिल्म को प्रोड्यूस किया था एफयू रामसे ने और जबकि डायरेक्शन तुलसी रामसे और श्याम रामसे ने किया था। यह लो बजट की फिल्म थी। बजट सिर्फ साढ़े तीन लाख रुपए था। फिल्म रिलीज होने के बाद हैरतअंगेज रूप से सुपरहिट मूवी साबित हुई थी। फिल्म ने करीब 50 लाख की कमाई की थी।*

### फिल्म को बनाने की प्रेरणा ऐसे मिली

रामसे ब्रदर्स के पिता फतेहचंद्र उत्तमचंद्र सिंघानी की कराची में रेडियो की एक दुकान हुआ करती थी। दुकान का नाम : राम सिंघानी रेडियो एंड इलेक्ट्रिक कंपनी थी। ज्यादातर ग्राहक अंग्रेज होते थे। वो राम सिंघानी नहीं बोल पाते थे, इसलिए यहीं से वो रामसे हो गए। फतेहचंद्र भारत के बंटवारे के बाद मुंबई आ गए। उनके सात बेटे थेः गंगू रामसे, तुलसी रामसे, श्याम रामसे, अर्जुन रामसे, केशु रामसे, कुमार रामसे और किरण रामसे। 1960 के दशक में वो फिल्मों में पैसा लगाने लगे। 'शहीद-ए आजम भगत सिंह और 'रुस्तम सोहराब' जैसी फिल्मों में उन्होंने पैसा लगाया। इसी बीच उन्होंने पृथ्वीराज कपूर और शत्रुघ्न सिन्हा के साथ एक बड़े बजट की फिल्म 'एक नन्ही मुन्नी लड़की थी'में पैसा लगाया। यह फिल्म फ्लॉप हो गई। फतेहचंद्र कर्ज तले दब गए। हालांकि, इस फिल्म के एक हॉरर सीन को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। ऐसे में फतेहचंद्र के मन में हॉरर फिल्में बनाने का आइडिया आया। फिल्म में कोई बड़ा स्टार नहीं होता था।



### बॉलीवुड में हॉरर फिल्मों का क्रेज हुआ शुरू

इस फिल्म के बाद से बॉलीवुड में हॉरर फिल्मों का क्रेज शुरू हुआ। फिल्म को मुंबई के 25-30 थिएटर्स में रिलीज किया गया था। फिल्म के पोस्टर्स में 'भारत की पहली हॉरर फिल्म' लिखा हुआ था। फिल्म की शूटिंग महाबलेश्वर में हुई थी। होटल के 7 कमरे 12 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से किराए पर लिए गए थे।

### 40 दिन में पूरी हुई फिल्म की शूटिंग

फतेहचंद रामसे पूरे परिवार को लेकर कश्मीर गए। दो महीने के लिए हाउस बोट बुक किया। वहां पर '5 सीज ऑफ सिनेमेटोग्राफी'बुक बेटों को पढ़ाई। फिल्म मेकिंग के हर पहलू की ट्रेनिंग दी। फिर मुंबई वापस लौट आए। फतेहचंद रामसे के बड़े बेटे ने भुतही और डरावनी फिल्म बनाने का फैसला किया। नाम था 'दो गज जमीन के नीचे।' फिल्म की शूटिंग 40 दिन में पूरी हुई। बहुत ही कम बजट में यह फिल्म तैयार हुई। सेट पर रामसे ब्रदर्स के घर की महिलाएं खाना बनाती थीं। कैमरे किराए पर लिए थे। फिल्म का प्रमोशन सिर्फ ऑल इंडिया रेडियो ने नाइट शो में किया गया। फिल्म ने रिलीज होते ही तहलका मचा दिया। 45 लाख रुपए का कारोबार किया। यह फिल्म रामसे ब्रदर्स के लिए गेम चेंजर साबित हुई।

**खबर संक्षेप**



### रक्तदान शिविर में 77 यूनिट रक्त एकत्रित

**रोहतक।** फोटोग्राफर संघ की तरफ से शहर के सुखपुरा चौक पर रक्तवीर नवनीत हुड्डा के जन्म दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 77 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। मुख्यमंत्री के ओएसडी गजेंद्र फोगाट ने बतौर अतिथि शिरकत की। रोहतक फोटोग्राफर संघ के प्रतिनिधि ने बताया कि इस शिविर में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सैनी के ओएसडी गजेंद्र फोगाट पहुंचे। साथ ही रोहतक ब्लॉक समिति चेयरमैन खुशीराम हुड्डा, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, पार्षद ज्योति बोहत, पार्षद रिंकू नागर, पार्षद नीरा भटनागर, पार्षद अंजू सैनी, पार्षद बेबी रानी, पीजीआई रोहतक से डॉक्टर अलका यादव भी उपस्थित रही।

## 750 प्रतिभाशाली खिलाड़ी विभिन्न आयु वर्गों में 60 इवेंट्स में अपनी प्रतिभा व जलकौशल का करेंगे प्रदर्शन

# एमडीयू में आज से शुरू होगी सीबीएसई राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता

**बहुप्रतीक्षित आयोजन में देश के साथ-साथ विदेश से भी खिलाड़ी करेंगे शिरकत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय का परिसर 17 सितंबर से खेलों की ऊर्जा और उत्साह से गूंजेगा, जब यहां यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल (यूसीएस) के तत्वावधान में सीबीएसई की राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता (बॉयज) का भव्य आगाज होगा। इस बहुप्रतीक्षित आयोजन में देश के साथ-साथ विदेश से भी खिलाड़ी शिरकत करेंगे। भारत और विदेश के कुल 9 जोन की 300 टीमों के लगभग 750 प्रतिभाशाली खिलाड़ी विभिन्न आयु वर्गों में 60 इवेंट्स में अपनी प्रतिभा और जलकौशल का प्रदर्शन करेंगे।

### खिलाड़ियों का भव्य स्वागत

आयोजन सचिव मनोज हुड्डा ने बताया कि सभी खिलाड़ियों और टीमों के स्वागत के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन और यूसीएस ने विशेष इंतजाम किए हैं। प्रतिभागियों के आगमन पर विश्वविद्यालय परिसर में उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया जा रहा है। स्वीमिंग पूल पार्किंग क्षेत्र में रजिस्ट्रेशन डेस्क और स्वागत कक्ष बनाए गए हैं, जहां से खिलाड़ियों को प्रतियोगिता से जुड़ी सभी सुविधाएं और आवश्यक जानकारी आज उपलब्ध कराई गई।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 17 सितम्बर को सुबह 10 बजे डॉ. मंगल सेन मल्टीपर्पज जिम्नेजियम हॉल में आयोजित किया जाएगा। इसके बाद निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न आयु वर्गों की तैराकी स्पर्धाएं एमडीयू के आधुनिक स्विमिंग पूल में आयोजित होंगी।



### पौष्टिक खानपान की व्यवस्था

प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों के खान-पान पर विशेष ध्यान दिया गया है। आयोजकों ने बताया कि सभी प्रतिभागियों के लिए पौष्टिक और सात्विक भोजन की व्यवस्था की गई है। खिलाड़ियों को हरियाणवी व्यंजनों के साथ-साथ पंजाबी और साउथ इंडियन फूड का भी जायका मिलेगा। बच्चों की सेहत और पोषण का विशेष ख्याल रखते हुए डाइट प्लान तैयार किया गया है, ताकि वे प्रतियोगिता के दौरान ऊर्जावान और फिट बने रहें।

**खाड़ी देशों- दुबई, कतर और ओमान की टीमें हिस्सा लेंगी**

इस प्रतियोगिता की सबसे बड़ी खासियत यह है कि फॉरेन जोन से खाड़ी देशों- दुबई, कतर और ओमान के सीबीएसई स्कूलों की टीमें भी हिस्सा लेंगी। इससे आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप मिलेगा और खिलाड़ियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा का अनुभव प्राप्त होगा।

**ओलंपियन शिवानी कटारिया करेंगी शुभारंभ**

यूसीएस की निदेशिका प्रो. सुनीता सैनी ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता के भव्य उद्घाटन समारोह में देश की प्रतिष्ठित तैराक और रियो ओलंपिक्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली शिवानी कटारिया बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी और प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगी। एमडीयू के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे, जबकि पैरा ओलंपिक्स खिलाड़ी हिमांशु नांदल गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाएंगे।

**खेल भावना और वैश्विक एक्सपोजर का अनोखा संगम**

यह प्रतियोगिता एमडीयू के लिए गर्व का अवसर है क्योंकि यहां देश-विदेश के खिलाड़ी एक ही मंच पर अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे। इससे न केवल खेल भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण तैयार होगा बल्कि खिलाड़ियों को वैश्विक स्तर पर एक्सपोजर भी मिलेगा। एमडीयू के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय सदैव युवाओं को खेल और शिक्षा दोनों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस प्रतियोगिता से बच्चों को सीखने और आगे बढ़ने का नया अवसर मिलेगा। कुलसचिव डॉ कृष्णकांत ने बताया कि यह प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों के लिए प्रतिस्पर्धा का मंच है, बल्कि युवाओं में खेल भावना, आत्मविश्वास और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता जगाने का भी अवसर है। एमडीयू के यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल के तत्वावधान में 17 से 21 सितम्बर तक आयोजित होने वाली यह राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता एमडीयू परिसर को खेल संस्कृति से सराबोर कर देगी। शानदार मेहमाननवाज़ी, विश्वस्तरीय सुविधाएं और खिलाड़ियों के जोश से यह आयोजन सभी प्रतिभागियों व मेहमानों के लिए अविस्मरणीय साबित होगी




**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते कॉलेज प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में आज राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। एनएसएस काउंसलर डॉ. पिंकी चौहान एवं डॉ. मनीषा कौशिक के नेतृत्व में कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस अवसर पर एनएसएस की महत्ता,सामाजिक उत्तरदायित्व और छात्र-छात्राओं में सेवा भाव जागृत करने पर विशेष चर्चा हुई। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा ने कहा कि एनएसएस केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि छात्रों के जीवन में अनुशासन, सेवा और नेतृत्व की भावना विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है, उन्होंने कहा कि छात्र समाज की रीढ़ हैं और एनएसएस के माध्यम से उनमें संवेदनशीलता और सेवा का भाव जाग्रत होता है। इस ओरिएंटेशन का उद्देश्य युवाओं को सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से आए स्वयंसेवक सुजीत,इशिका, अंशिका नांदल ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य,लोगो व इसके अंतर्गत होने वाले कैंप और अन्य गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस काउंसलर ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. कपिल कौशिक, रवि कौशिक, रीना, युक्ता शर्मा मौजूद रहे।

## एमडीयू कुलपति ने राज्यपाल से की औपचारिक भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने आज हरियाणा के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति असीम कुमार घोष से हरियाणा राजभवन में शिष्टाचार भेंट की।

इस भेंट के दौरान कुलपति प्रो राजबीर सिंह ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता, शोध उन्नयन, नवाचारों, सामाजिक सरोकारों से जुड़ी पहलों और भावी योजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि गोल्डन जुबली वर्ष में एमडीयू नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान और विद्यार्थी-केंद्रित गतिविधियों को सशक्त करने के लिए ठोस कदम उठा रहा है। साथ ही विद्यार्थियों के कौशल विकास और उनको सामाजिक सरोकारों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल कर रहा है।



खासतौर पर एमडीयू के नशा मुक्त घर अभियान, पोषण युक्त एनीमिया मुक्त और योग युक्त मोटापा मुक्त अभियानों बारे कुलपति ने राज्यपाल को अवगत करवाया।

राज्यपाल एवं कुलाधिपति असीम कुमार घोष ने विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षा, शोध, खेल, सांस्कृतिक और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय न केवल हरियाणा, बल्कि पूरे देश के लिए उच्च शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र है। मुझे विश्वास है कि यह संस्थान शैक्षणिक उत्कृष्टता, शोध नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छुएगा। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार को अपनी शुभकामनाएं दी।

### एमडीयू में एनएसएस प्री-आरडी ट्रायल कैंप संपन्न

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का विश्वविद्यालय स्तरीय प्री-आरडी ट्रायल कैंप उत्साह और जोश के साथ आयोजित किया गया। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक प्रो. सविता राठी ने बताया कि परेड ट्रायल का आयोजन सुबह 10 बजे विश्वविद्यालय खेल परिसर में किया गया। कैंप के दौरान परेड सत्र में रनिंग ड्रिल और शारीरिक माप-तौल गतिविधियाँ करवाई गईं। इस सत्र का संचालन नायब सूबेदार मदन लाल, हवलदार प्रदीप कुमार और हवलदार युद्धवीर सिंह ने किया। इस ट्रायल में कुल 21 कॉलेजों के 83 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कैंप के प्रातः कालीन सत्र की मुख्य अतिथि प्रो. शकुंतला बेनीवाल, निदेशक, खेल विभाग, एमडीयू रहीं। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी एनएसएस स्वयंसेवक रही हैं और एनएसएस जीवन में अनुशासन, निस्वार्थ सेवा और समाज के प्रति समर्पण की भावना को विकसित करता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. स्वाति, प्रभारी, स्वास्थ्य केंद्र, एमडीयू ने स्वयंसेवकों के उत्साह की सराहना की और उन्हें भविष्य में भी इसी ऊर्जा और लगन के साथ समाज सेवा में सक्रिय बने रहने का आह्वान किया। सायं कालीन सत्र में टैगोर सभागार में सांस्कृतिक गतिविधियों की ट्रायल आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. विनीता हुड्डा, डीन सीडीसी ने स्वयंसेवकों को ग्राम जागरूकता गतिविधियों हेतु प्रोत्साहित किया।



**रोहतक।** रेस में भाग लेते एनएसएस स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि



**रोहतक।** आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की पूर्व डीन, विधि संकाय, प्रो. नुज़हत परवीन खान। फोटो : हरिभूमि

## एमडीयू के विधि विभाग में विधिक शोध, लेखन और ड्राफ्टिंग कौशल पर राष्ट्रीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के विधि विभाग ने करियर परामर्श एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के सहयोग से- विधिक शोध, लेखन एवं ड्राफ्टिंग कौशल का संवर्धन : विधि व्यवसाय में सफलता की कुंजी विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया।

कार्यशाला की मुख्य वक्ता प्रो. शशिकला गुरपुर, डीन एवं निदेशक, सिम्बायोसिस लॉ स्कूल, पुणे रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि विधिक शोध और ड्राफ्टिंग कौशल किसी भी विधिक पेशेवर की प्रगति की आधारशिला हैं। उन्होंने युवाओं से इन कौशलों में महारत हासिल करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की पूर्व डीन, विधि संकाय, प्रो. नुज़हत परवीन खान उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने वक्तव्य में विधिक लेखन में नवाचार और स्पष्टता की बढ़ती आवश्यकता पर बल दिया तथा कहा कि यह गुण एक अच्छे विधिवेत्ता की पहचान है। कार्यक्रम की शुरुआत विधि विभागाध्यक्ष एवं डीन, प्रो. जितेंद्र सिंह ढुल के स्वागत भाषण से हुई। करियर परामर्श एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रो. अनसूया यादव ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और समापन पर धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. प्रतिमा रंगा ने किया।

## श्री सिद्धेश्वर तीर्थ ब्रह्मऋषि आश्रम तिरुपति में दो ऐतिहासिक दिवस

- लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला और मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन रामगूलम ने लिया गुरुदेव का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

श्री सिद्धेश्वर तीर्थ ब्रह्मऋषि आश्रम तिरुपति ने हाल ही में एक ऐसा इतिहास रचा, जिसने अध्यात्म और राजनीति के पथ को एक सूत्र में बांध दिया। लगातार दो दिन यहां देश और विदेश की दो महान हस्तियां पहुंची और पूज्य सिद्धगुरुवार सिद्धेश्वर ब्रह्मऋषि गुरुदेव के चरणों में नमन कर दिव्य आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर तीर्थ का वातावरण न केवल श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण रहा, बल्कि वैश्विक स्तर पर भारत की आध्यात्मिक शक्ति का संदेश भी पहुंचा।

भारत दौरे पर आए मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन रामगूलम अपनी धर्मपत्नी श्रीमती वीना रामगूलम के साथ तिरुपति के श्री सिद्धेश्वर तीर्थ ब्रह्मऋषि आश्रम भी पहुंचे। प्रधानमंत्री डॉ. रामगूलम ने भावुक स्वर में कहा कि भारत हमारी आत्मा में बसता है। आज गुरुदेव के चरणों में आकर मैंने न केवल व्यक्तिगत शांति पाई, बल्कि अपने राष्ट्र के लिए भी दिव्य मार्गदर्शन प्राप्त किया है। यह क्षण मेरे जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य है।




उन्होंने आगे कहा कि गुरुदेव के आशीर्वाद से भारत और मॉरीशस के रिश्ते और अधिक गहरे होंगे। प्रधानमंत्री रामगूलम ने इस अवसर पर अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि पिछले वर्ष मैंने संसद सत्र के दौरान संकल्प लिया था कि मैं भारत आऊंगा और गुरुदेव से मिलूंगा। आज यहां आकर मुझे लगता है कि वह सपना पूरा हुआ।

गुरुदेव स्वामी ने पहले ही भविष्यवाणी की थी कि मैं चुनाव जीतूंगा, और ईश्वर ने वैसा ही किया। उनके जैसा व्यक्तित्व मैंने कभी नहीं देखा। बिरला ने कहा कि जब हम आध्यात्मिक मूल्यों से प्रेरणा लेते हैं, तभी हम सच्चे अर्थों में जनता की सेवा कर सकते हैं। आज गुरुदेव के चरणों में आकर यह अनुभव हुआ कि राजनीति और अध्यात्म का संगम ही राष्ट्र को सुदृढ़ और समृद्ध बनाता है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन रामगूलम का आश्रम आगमन न केवल व्यक्तिगत भेंट थी, बल्कि ऐसे ऐतिहासिक क्षण हैं जिन्होंने भारत की आध्यात्मिक परंपरा को और विराट बना दिया।

### हिंदी विभाग द्वारा जीवन कौशल निर्माण सेमिनार का आयोजन

**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय के हिंदी विभाग की ओर से जीवन कौशल निर्माण सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। सेमिनार का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता के करकमलों द्वारा किया गया। हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. राजल गुप्ता ने विद्यार्थियों को जीवन कौशलों की आवश्यकता एवं उनके विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। सेमिनार का संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. उन्मेष मिश्र ने किया।



**रोहतक।** आयोजित सेमिनार को सम्बोधित करते हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. राजल गुप्ता।



### श्री लालनाथ हिंदू महाविद्यालय में 'ओजोन दिवस' पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**रोहतक।** श्री लालनाथ हिंदू महाविद्यालय के विज्ञान विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा की अध्यक्षता में ओजोन दिवस' के उपलक्ष्य में पीपीटी प्रेजेंटेशन, पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने कहा कि विज्ञान एक जीवन्त विषय है और इसे हमें अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं हमें विषय से क्रियात्मक रूप से जुड़ने का अवसर प्रदान करती हैं। प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन निर्णायक मंडल की भूमिका निभा रहीं डॉ. रश्मि छाबड़ा, डॉ. पूजा चावला, डॉ. मीनाक्षी गुगनानी और डॉ. अंजू देसवाल ने किया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. मीनाक्षी गुगनानी ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर डॉ. रश्मि छाबड़ा, डॉ. पूजा चावला, डॉ. मीनाक्षी गुगनानी, डॉ. अंजू देसवाल, डॉ. मनीष, डॉ. सविता, मिस प्रतिभा, डॉ. मनीषा, डॉ. हिना, डॉ. ज्योति यादव, डॉ. सीमा रानी, ज्योति, मिस सरयू, ऋतु, संजीव कुमार और विक्रम उपस्थित रहे।



## स्वामी नितानंद स्कूल में अभिभावकों को शिक्षित करने पर प्रशिक्षण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शिक्षा के क्षेत्र में अभिभावकों को नई दिशा देने की पहल करते हुए स्वामी नितानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ब्राह्मणवास में एक दिवसीय इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण 16 सितंबर को सीबीएसई के प्रावधानों के अनुसार शिक्षा विशेषज्ञ डॉ. मनोज द्वारा डोमेन-2 शिक्षा के बारे में अभिभावकों को शिक्षित करना विषय पर दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसमें शिक्षा विशेषज्ञ डॉ. मनोज के साथ प्रधानाचार्या नीतिका मलिक, स्कूल प्रबंधक रश्मि देशवाल तथा उपप्रधानाचार्य अमित कुमार मौजूद रहे।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को बदलते शिक्षा स्वरूप, मूल्यांकन सुधारों और बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यशाला को चार मॉड्यूल में विभाजित किया गया था। प्रधानाचार्या नीतिका मलिक ने इस अवसर पर डॉ. मनोज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण अभिभावकों को शिक्षा की नई सोच से जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी ही बच्चों के सर्वांगीण विकास और उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है।

**स्वयंसेवकों ने नए बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन सहित शहर के अन्य स्थानों पर सफाई की**

## बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हरियाणा शहरी स्वच्छता अभियान 2025 के अंतर्गत बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने शहर में स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। इस अभियान का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचएल वर्मा, कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार व शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता डॉ. नवीन कपिल ने परिसर से किया।

इसके बाद स्वयंसेवकों ने शहर के प्रमुख स्थानों, विशेषकर नए बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन सहित शहर के अन्य स्थानों पर सफाई अभियान चलाया। कुलपति डॉ. एचएल वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य और समाज की उन्नति से जुड़ा हुआ विषय है। हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि युवाओं की भागीदारी से ही स्वच्छता अभियान सफल हो सकता है। एनएसएस स्वयंसेवक समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं। हमें मिलकर पॉलिथीन जैसी हानिकारक वस्तुओं का उपयोग बंद करना होगा और आने वाली पीढ़ी के लिए स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण तैयार करना होगा।




हरियाणा शहरी स्वच्छता अभियान 2025 के तहत बस स्टैंड पर इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एस.डी.एम. प्रदीप कौशिक ने की। बस अड्डा इंचार्ज एवं ट्रैफिक मैनेजर हंसराज ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया।

**स्वयंसेवकों ने नाटक प्रस्तुत कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया**

वहीं, एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. मंजीत ने राहगीरों को जागरूक करते हुए बताया कि पॉलिथीन पर रोक और साफ-सफाई की आदत से ही हम अपने शहर को सुंदर बना सकते हैं। स्वयंसेवकों ने नाटक प्रस्तुत कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। रेलवे स्टेशन पर प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. सुमन राठी ने वालंटियर्स को स्वास्थ्य और स्वच्छता संबंधी शपथ दिलाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अरुणाचल, डॉ. रितु, डॉ. प्रमिला, एनएसएस सीनियर लीडर सृष्टि मलिक, यशस्वी, निहार, अर्जुन सहित सभी स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

hartron
ISO 9001 : 2015
Enhance your talent
HARTRON
SKILL CENTRE For
Computer Education & Training
M.7206002575, 8929411222
Above IDBI Bank, Power House, Chowk, Rohtak
ADMISSION OPEN-2025

| Sr. No. | Name of Course | Course Duration |
|---|---|---|
| 1. | Computer Hardware and Networking Associate | 52 (Weeks) |
| 2. | Course In Computer Application | 52 (Weeks |
| 3. | Course in Digital Accounting | 52 (Weeks |
| 4. | Course in Designing and Publishing | 52 (Weeks |
| 5. | Course in Web Technology | 52 (Weeks |
| 6. | Course in Software Development | 52 (Weeks |
| 7. | Advanced Course in Computer Application | 52 (Weeks |
| 8. | Digital Marketing Assistant | 26 (Weeks |
| 9. | Software Or Application Testing Assistant | 26 (Weeks |
| 10. | Assistant PHP Developer | 26 (Weeks) |
| 11. | Hardware Peripheral and Installation Assistant | 26 (Weeks |
| 12. | Application Development -Android | 26 (Weeks |
| 13. | Course in IT Foundation and Tools | 26 (Weeks |
| 14. | Certificate Course in Computer Basics & Accounting | 26 (Weeks) |
| 15. | Certificate Course in Web Designing and Multimedia | 26 (Weeks |
| 16. | C Language | 04 (Weeks |
| 17. | C Plus Plus With Oops | 08 (Weeks) |
| 18. | PHP With Mysql | 04 (Weeks) |
| 19. | Core Java | 06 (Weeks |
| 20. | Advance Java | 08 (Weeks |
| 21. | Financial Accounting | 06 (Weeks) |
| 22. | Autocad | 08 (Weeks) |
| 23. | Fundamentals of Cyber Security | 06 (Weeks) |
| 24. | Programming with Python | 12 (Weeks) |
| 25. | Fundamentals of Computer | 12 (Weeks) |

# राज्य स्तरीय स्कूली प्रतियोगिताओं में रोहतक की बेटियों का जलवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा 16 से 18 सितंबर तक विभिन्न जिलों में हरियाणा राज्य स्तरीय स्कूली प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इन प्रतियोगिताओं में प्रदेश के सभी जिलों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

इन प्रतियोगिताओं में विजेता खिलाड़ी आगामी नवंबर 2025 में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हरियाणा प्रदेश एवं अपने-अपने जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। शिक्षा विभाग के मीडिया संयोजक, डॉ. जनक राज ने बताया कि कुश्ती में रोहतक की बेटियों का दबदबा (सोनीपत), अंडर–14 गर्ल्स वर्ग में रोहतक ने शानदार प्रदर्शन किया।

**ये रहे परिणाम**

50 किग्रा वर्ग : मोहिनी-स्वर्ण पदक
54 किग्रा वर्ग : चेतना-स्वर्ण पदक
30 किग्रा वर्ग : निधि -स्वर्ण पदक
36 किग्रा वर्ग : जिया-रजत पदक

■ अंडर-19 गर्ल्स आर्टिस्टिक सोलो इवेंट में प्रीति ने स्वर्ण पदक जीता



रोहतक। आयु वर्ग अंडर 19 वर्ष में लड़कियों में आर्टिस्टिक सोलो में गोल्ड मेडल और ट्रेडिशनल इवेंट में सिल्वर मेडल विजेता प्रीति को सम्मानित करते हुए आयोजक और ओवरऑल इंचार्ज डॉक्टर जनक राज। फोटो: हरिभूमि

**योग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन (रेवाड़ी):** राज इंटरनेशनल स्कूल, रेवाड़ी में चल रही हरियाणा राज्य स्तरीय स्कूली योग प्रतियोगिता (16–18 सितंबर 2025) में भी रोहतक की बालिकाओं ने अपने हुनर का लोहा मनवाया। अंडर-19 गर्ल्स ट्रेडिशनल इवेंट में प्रीति ने रजत पदक हासिल किया। वहीं अंडर-19 गर्ल्स आर्टिस्टिक सोलो इवेंट में प्रीति ने स्वर्ण पदक जीता।

### शुभकामनाएं दी

जिले को इन उपलब्धियों पर सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी गई। जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह, जिला सहायक शिक्षा अधिकारी (खेल) संजय मलिक, सभी अधिकारियों ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह जीत न सिर्फ जिले बल्कि हरियाणा प्रदेश की भी जीत है। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों को आगामी मुकाबलों के लिए शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि रोहतक के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भी अपना परचम लहराएंगे।



## डीएन सिटी स्कूल की छात्राओं ने जूडो में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर जीते पदक, प्रधानाचार्य ने दी बधाई

रोहतक। डीएन सिटी स्कूल की छात्राओं ने जूडो खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और शहर का नाम रोशन किया है। कक्षा 11वीं की छात्रा आस्था ने राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक हासिल किया। वहीं, कक्षा 7वीं की ही छात्रा वंदना ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक तथा राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी विद्यालय के छात्र-छात्राएं इसी तरह सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।


## पूरी सर्दी मरम्मत कार्य चला, अब भी हर रोज लगते हैं लंबे-लंबे कट

# करोड़ों खर्च, फिर भी नहीं सुधर रही बिजली आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था इन दिनों लोगों के लिए सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है। पूरी सर्दी बिजली निगम ने मरम्मत कार्य के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च कर डाले, परंतु हालात जस के तस हैं। उपभोक्ताओं को रोजाना घंटों बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार की रात को सेक्टर-1-2 और 14 की बिजली रात 11.30 से लेकर 1.30 बजे तक बाधित रही। इस लापरवाही से लोगों में गहरा रोष है।

**सर्दी से गर्मी तक मरम्मत का झांसा:** बिजली विभाग का दावा है कि पिछले कुछ महीनों में ट्रांसफार्मर बदलने, लाइनों की मरम्मत करने और सब-स्टेशन को अपग्रेड करने पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए। लेकिन उपभोक्ताओं का कहना है कि यह खर्च सिर्फ कागजों पर दिखाई देता है। हकीकत यह है कि शहर में आए दिन घंटों बिजली कटौती होती है।



ग्रामीण इलाकों में तो स्थिति और भी बदतर है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि वे हर महीने हजारों रुपये बिल जमा करते हैं। इसके बावजूद उन्हें सुचारू आपूर्ति नहीं मिल रही। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि निगम कर्मचारियों को शिकायत दर्ज कराने पर भी संतोषजनक जवाब नहीं मिलता। मीटर सही चल रहा है, लाइन दुरुस्त है जैसी बातें कहकर फोन काट दिया जाता है।

### करोड़ों खर्च का हिसाब मांगा

लोगों का सवाल है कि जब करोड़ों रुपये मरम्मत कार्य पर खर्च किए गए, तो फिर समस्या क्यों जस की तस बनी हुई है। आखिर इन पैसों का हिसाब कौन देगा, क्या यह सिर्फ कागजों पर दिखाया गया खर्च है या फिर वास्तविक काम हुआ है।

### क्षेत्र के लोगों में आक्रोश

क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही बिजली आपूर्ति दुरुस्त नहीं की गई तो वे बिजली निगम के खिलाफ आंदोलन करेंगे। उपभोक्ताओं ने कहा कि वे बिना बिजली के जीवन नहीं जी सकते, खासकर तब जब उन्हें मोटे बिजली बिल समय पर चुकाने पड़ते हैं।

### कर्मचारी नहीं देते जवाब

बिजली निगम के कर्मचारियों की कार्यशैली भी सवालों के घेरे में है। शिकायत दर्ज कराने वाले उपभोक्ताओं को यह कहकर टाल दिया जाता है कि लाइन दुरुस्त की जा रही है। लेकिन हफ्तों बीतने के बाद भी समस्या जस की तस बनी रहती है।

### समाधान की उम्मीद कब

लोगों का कहना है कि अब वे सिर्फ आश्वासन से संतुष्ट नहीं होंगे। उन्हें ठोस समाधान चाहिए। मरम्मत और अपग्रेडेशन का काम कब तक चलेगा और कब तक उन्हें बिना कटौती बिजली मिलेगी, इसका स्पष्ट जवाब चाहिए।

### अफसर नहीं उठाते फोन

निगम के अधिकारी (एसडीओ) और सहायक अभियंता (एसई) से लोग बार-बार संपर्क करने की कोशिश करते हैं। लेकिन अधिकतर समय फोन उठाया ही नहीं जाता। उपभोक्ताओं का कहना है कि अधिकारी फील्ड विजिट का बहाना बनाकर फोन नहीं उठाते, जबकि असलियत यह है कि वे शिकायतों से बचने के लिए जानबूझकर उपभोक्ताओं को नजरअंदाज करते हैं।

### बिगड़ गई दिनचर्या

गर्मी के इस मौसम में लगातार बिजली कटौती ने लोगों की दिनचर्या बिगाड़ दी है। छोटे बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। पंखे और कूलर बंद होने से घरों में दम घुटने जैसा माहौल बन जाता है। वहीं, बिजली जाने से पानी की मोटरें भी नहीं चल पातीं, जिससे पीने के पानी का संकट खड़ा हो रहा है। कई बार तो दो तीन दिन तक सप्लाई नहीं आती।

### पढ़ाई हो रही प्रभावित

बिजली कटौती के कारण छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। छात्रों का कहना है कि जब रात को लंबे समय तक बिजली गुल रहती है तो उन्हें मोमबत्ती और टॉर्च के सहारे पढ़ाई करनी पड़ती है। कई बार तो बच्चें बिजली का इंतजार कर सो जाते हैं और उनका गृह कार्य पूरा नहीं होता। स्कूल में शिक्षकों की बातें सुननी पड़ती है। सितंबर में अर्धवार्षिक परीक्षा भी होनी है।

## रोजगार कार्यालय में आज लेगा मेलाः एडीसी

रोहतक। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने बताया कि स्थानीय मंडल रोजगार कार्यालय में 17 सितंबर को सेवा पखवाड़ा के रूप में रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर के दौरान विभाग द्वारा संचालित की जा रही सक्षम युवा स्कीम एवं बेरोजगारी भत्ता की जानकारी दी जाएगी। मंडल रोजगार कार्यालय में रोजगार मेले का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न कंपनियां भाग लेंगी।



■ विभिन्न डिप्लोमा धारक, बारहवीं, स्नातक एवं स्नातकोत्तर उतीर्ण युवा ले सकतें हैं भाग

शिविर के दौरान करियर काउसंलिंग एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन के संबंध में भी जागरूक किया जाएगा। युवाओं को स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण से संबंधित गतिविधियों से भी अवगत कराया जाएगा। विभिन्न डिप्लोमा धारक, बारहवीं, स्नातक एवं स्नातकोत्तर उतीर्ण युवा इस शिविर में भाग लेकर विभिन्न गतिविधियों एवं जानकारी का लाभ ले सकते है।

## प्रेमसंस ज्वेलर्स ने लॉन्च किया नया फेस्टिव कलेक्शन,शुद्धता और गुणवत्ता की पूरी गारंटी



रोहतक। त्योहारी और शादी के सीजन को ध्यान में रखते हुए प्रेमसंस ज्वेलर्स ने अपना नया और आकर्षक फेस्टिव कलेक्शन पेश किया है। इसमें गोल्ड, डायमंड, कुंदन और सिल्वर ज्वेलरी के अनोखे डिजाइन शामिल किए गए हैं, जो ग्राहकों को परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम प्रदान करते हैं। ज्वेलरी शॉप के प्रतिनिधियों ने बताया कि यहां उपलब्ध हर आभूषण हॉलमार्क प्रमाणित है, जिससे शुद्धता और गुणवत्ता की पूरी गारंटी मिलती है। शहरभर के ग्राहकों का कहना है कि प्रेमसंस ज्वेलर्स के डिजाइन ट्रेंडी और क्लासिक दोनों तरह के होते हैं। यही कारण है कि गहनों की बेहतरीन कारीगरी और विश्वसनीयता ने इस प्रतिष्ठान को लोगों के दिलों में खास जगह दिलाई है।




## 11वीं संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ का आयोजन, 20 सितंबर को होगा रक्तदान शिविर

रोहतक। शहीद मदन लाल ढींगरा कम्युनिटी सेंटर, पुरानी आईटीआई परिसर में 15 से 21 सितंबर तक 11वीं संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में प्रतिदिन शाम 3:30 बजे से 7 बजे तक कथा का वाचन और प्रवचन होंगे। कथा के प्रवचनकर्ता भागवत पीठाधीश्वर आचार्य देशमुख वशिष्ठ महाराज (वृंदावन वाले) हैं, जो श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत गीता के शाश्वत ज्ञान से अवगत कराते हुए धर्म और जीवन मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाल रहे हैं। धार्मिक आयोजन के साथ-साथ समाज सेवा को भी बढ़ावा देने के उद्देश्य से 20 सितंबर को रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक इसी सेंटर में होगा। शिविर का संचालन डॉ. राजेंद्र माडिया की देखरेख में किया जाएगा।



## आईसी कॉलेज में नशा जागरूकता शिविर आयोजित

रोहतक। स्वीकार समाज कल्याण समिति की ओर से मंगलवार को गवर्नमेंट कॉलेज फॉर वुमेन में नशा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समिति के फाउंडर जितेंद्र शर्मा, डॉ. पीके बिंद्रा, काउंसलर सुरेंद्र, संसार और मंजू लाठर विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर का उद्देश्य युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना रहा। अंग्रेजी विभाग के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया और ध्यानपूर्वक विशेषज्ञों की बातें सुनीं। काउंसलर सुरेंद्र ने बताया कि किस प्रकार नशा समाज में फैल रहा है और किस तरह यह युवाओं के जीवन को प्रभावित कर रहा है। वहीं काउंसलर मंजू लाठर ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से नशे से संबंधित ऑडियो-वीडियो प्रस्तुत कर छात्राओं को जागरूक किया। उन्होंने विस्तार से बताया कि नशा क्या है, लोग नशा क्यों करते हैं, इसके स्वास्थ्य और सामाजिक जीवन पर क्या दुष्प्रभाव पड़ते हैं तथा किस प्रकार सामूहिक प्रयासों से नशे की रोकथाम संभव है। आयोजकों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक संदेश देने और नई पीढ़ी को सही दिशा में आगे बढ़ाने के लिए बेहद जरूरी हैं।

■ नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## सीता राम बेसहारा पशु पक्षी सेवा संस्थान में पौधे लगाए



रोहतक। सीता राम बेसहारा पशु पक्षी सेवा संस्थान के संचालक ओपी राणा ने अपनी माता फुलपती के श्राद्ध अवसर पर श्रद्धांजलि स्वरूप पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि माता-पिता का आशीर्वाद जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है और उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाजहित के कार्य करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। ओपी राणा ने पौधरोपण करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। यदि हर व्यक्ति अपने किसी खास दिन पर पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे तो पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में बड़ा योगदान हो सकता है। उन्होंने युवाओं से भी अपील की कि वे अपने जीवन के शुभ अवसरों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ें और हर साल कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं। उपस्थित लोगों ने ओपी राणा के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल समाज को जागरूक करने और आने वाली पीढ़ियों को बेहतर वातावरण देने की दिशा में महत्वपूर्ण है। इस मौके पर बाबा गोविंद करतार, जेपी गौड़ आदि मौजूद रहे।

## सहकारी परिवहन समिति बस संचालक मुख्यमंत्री से मिले



■ समिति सदस्यों ने पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश भाटिया के साथ मिलकर मुख्यमंत्री को अपना पक्ष रखा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सहकारी परिवहन समिति के बस संचालकों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। यह मुलाकात चेयरमैन कॉपरेटिव बैंक हरीश कौशिक की अध्यक्षता में हुई, जहां समिति सदस्यों ने पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश भाटिया के साथ मिलकर मुख्यमंत्री को अपना पक्ष रखा।

बस संचालकों ने बताया कि आरटीए हिसार द्वारा रोहतक से हांसी रूट पर चलने वाली सहकारी परिवहन समिति की निजी बसों के चालान काटे जा रहे हैं, जिससे उन्हें बार-बार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मुद्दे को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री को लिखित ज्ञापन सौंपा।

मुख्यमंत्री ने समिति की समस्याओं को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों का समाधान जल्द किया जाएगा। इस अवसर पर समिति की ओर से पूर्व प्रधान विजेंद्र दत्त, उपप्रधान नरेंद्र, प्रेम सिंह दलाल, वेदपाल शर्मा और अन्य बस संचालक भी मौजूद रहे। बस संचालकों ने उम्मीद जताई कि सरकार के हस्तक्षेप से उनकी परेशानियों का निवारण जल्द होगा।



## गौड़ ब्राह्मण आयुर्वेदिक महाविद्यालय में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन, आज भी होगी जांच

रोहतक। भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत 10वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर गौड़ ब्राह्मण आयुर्वेदिक महाविद्यालय, ब्राह्मणवास में मंगलवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी रोगों की जांच एवं उपचार निशुल्क किया गया। शिविर की खास पहल के रूप में ब्रेस्ट कैंसर की जांच भी निःशुल्क कराई गई। महाविद्यालय प्रशासन ने बताया कि यह सुविधा आगामी 17 सितंबर तक जारी रहेगी। आयुर्वेद दिवस के अंतर्गत महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वारिज पांडेय ने बताया कि शिविर में आयुर्वेदिक प्रकृति परीक्षण, आहार संबंधी मार्गदर्शन और विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का उपचार किया गया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस निःशुल्क शिविर का लाभ उठाएं और आयुर्वेद पद्धति से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें।



## द आर्यन स्कूल में 'गुड टू गो' कार्यशाला में विद्यार्थियों को मिला सफलता का मंत्र

रोहतक। द आर्यन पब्लिक स्कूल में कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए 'गुड टू गो' विषय पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता आचार्य पवन, जो शिक्षा और व्यक्तित्व विकास के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय एक प्रेरक वक्ता और लर्निंग कोच हैं, ने छात्रों को सफलता के लिए सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन और अनुशासित आदतों के महत्व से अवगत कराया। आचार्य पवन ने कहा कि जैसे अस्वस्थ भोजन शरीर को नुकसान पहुंचाता है, उसी तरह नकारात्मक विचार मस्तिष्क को कमजोर कर देते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि जीवन के हर क्षेत्र-खुशी, पढ़ाई, मनोरंजन या कमाई-की एक सीमा है और संतुलन ही वास्तविक सफलता का मार्ग है। विद्यालय की प्राचार्या निशा मोंगा ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ जीवन प्रबंधन के गुर भी सिखाते हैं। वहीं, विद्यालय प्रबंधक समिति की ओर से तेजेंद्र आर्य और अनीता सिंहने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

प्रेस कांफ्रेंस | 22 सितंबर से मिलेगा लाभ

# जीएसटी सुधारों से मोदी सरकार ने कांग्रेस के शोषण के स्ट्रक्चर को समाप्त किया : शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने रोहतक में मोदी सरकार के जीएसटी सुधारों को गिनाने के साथ-साथ कांग्रेस को भी आड़े हाथों लिया। मंगलवार को भाजपा कार्यालय मंगल कमल में पत्रकारों से बातचीत में प्रेम शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय टैक्स स्ट्रक्चर शोषण करने वाला था, लेकिन वेट के मुकाबले जीएसटी ने लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। अब नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म से व्यापारी, उधोगपति और आम आदमी आर्थिक रूप से और अधिक मजबूत होगा।

यह मोदी सरकार का देश के लोगों को दीवाली का बड़ा तोहफा है, जो 22 सितंबर से मिलेगा।उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में टूथपेस्ट पर भी 27 प्रतिशत टैक्स लगता था जोकि अब मोदी सरकार में पांच प्रतिशत है। कांग्रेस सरकारें बच्चों की टॉफी पर 21 प्रतिशत टैक्स लेती थी, अब मोदी सरकार में पांच प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में साइकिल पर 17 फीसदी टैक्स होता था, लेकिन अब मोदी सरकार ने पांच प्रतिशत करके बड़ी राहत दी है। माताओं बहनों की स्वाभिमान की वस्तु सिलाई मशीन पर भी कांग्रेस की सरकार 16 प्रतिशत टैक्स लेती थी, लेकिन मोदी सरकार ने इसे घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया। कांग्रेस सरकार में होटलों के कमरों पर 14 प्रतिशत टैक्स था जो अब भाजपा शासन में पांच प्रतिशत कर दिया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि दवाईयों पर कांग्रेस की सरकारों ने 16 प्रतिशत टैक्स लगाया हुआ था, अब भाजपा सरकार ने पांच प्रतिशत कर दिया है।




रोहतक। पत्रकारो से बातचीत करते भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला।

### कांग्रेस तो पानी पर भी लेती थी टैक्स

प्रेम शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार ने आटा, चाय, दूध, दही, इंश्योरेंस आदि पर जीरो प्रतिशत टैक्स कर दिया है। टीवी, फ्रीज, ऐसी पर कांग्रेस के समय 31 प्रतिशत टैक्स था जो अब आधा रह गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तो पानी पर भी 27 प्रतिशत टैक्स लेती थी और लोग भी पानी पीने में कंजूसी बरतते थे, लेकिन अब पेट भर पानी पी सकते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लोगों के शोषण का टैक्स स्ट्रैक्चर खड़ा किया था। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने कांग्रेस शोषण तंत्र को समाप्त करने का काम किया है। एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा कि मां-बेटा और यहां तक उनके जीजा भी भ्रष्टाचार के मामले में बेल पर हैं।



## गांव कटेसरा में मकान की दीवारें गिरीं डॉ. अशोक रंगा पहुंचे मौके पर

रोहतक। गांव कटेसरा में सोमवार को खतों में जल भराव के कारण साथ लगते मकान की दीवारें गिर गई। गनीमत रही कि किसी भी प्रकार की कोई जन हानि नहीं हुई। सूचना मिलते ही भाजपा नेता व जिला प्रभारी (सभी प्रकोष्ठ) डॉ. अशोक कुमार रंगा मौके पर पहुंचे। उनके साथ बीडीपीओ कलानौर और ग्राम पंचायत सरपंच धर्म सिंह तथा बी डी सी सदस्य सुदामा कोच भी मौजूद रहे। डॉ रंगा ने घटनास्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों से आह्वान किया कि क्षेत्र में क्षतिग्रस्त मकानों का सर्वे कर उचित कार्रवाई की जाए।